# कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

## -कार्यालय ज्ञाप-

पत्र सं0 503 /शैक्षिक / 2026 दिनांक जुलाई 14, 2026

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2026-27 में अध्ययनरत् समस्त पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं (पी०एच०डी० शीतकालीन छात्र-छात्राओं को छोड़कर) को सूचित किया जाता है कि विषम सत्र हेतु समस्त उत्तीर्ण छात्र-छात्रओं को ई0आर0पी0 पर प्रोन्नत (Promote) कर दिया गया है। **अतः सभी छात्र-छात्राएँ शैक्षिक सत्र 2026-27 का एकमुश्त शिक्षण शुल्क (Single Instalment) दिनांक 15.07.2026 से 21.07.2026 तक ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से https://erp.hbtu.ac.in/Newslogin.aspx जमा करना सुनिश्चित करें। साथ ही, सत्र 2025-26 में अनुत्तीर्ण छात्रों को सूचित किया जाता है कि ऐसे समस्त छात्र-छात्राएँ सत्र 2026-27 में पुनः प्रवेश (Readmission) हेतु दिनांक 15.07.2026 से 27.07.2026 तक शैक्षिक अनुभाग में उपस्थित होकर आवेदन सम्बंधी प्रक्रिया को समयान्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।**

उक्त तिथि के उपरान्त रु0 200/- प्रतिदिन (अधिकतम रु0 1000/- मात्र एक सप्ताह तक) विलम्ब शुल्क देय होगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि जिन छात्र-छात्राओं की न्यूनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत नहीं होगी एवं जिनके द्वारा इनरोलमेन्ट से सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई है, उन छात्र-छात्राओं को आगामी मिड सेमेस्टर एवं नियमित परीक्षा में प्रतिभाग करने से वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही, ऐसे छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र कार्यालय में जमा नहीं किये जाएंगे, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी छात्र की होगी।

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त विभागाध्यक्ष को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विभाग के सूचना पट्ट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र-कल्याण, एच०बी०टी०यू०, कानपुर।
3. परीक्षा नियंत्रक, एच०बी०टी०यू०, कानपुर।
4. वित्त नियंत्रक, एच०बी०टी०यू०, कानपुर।
5. सिस्टम मैनेजर, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/ प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, मा० कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच०बी०टी०यू०, कानपुर।

V Dixit 14/07/2026

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप